अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्याः प्राशिप / अनु 03 / 2023 / 145 **लखनऊः दिनॉकः** 18/04/2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक में सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18 / 04 / 2023 को आहूत परीक्षा समिति की बैठक निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। समिति द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम की परीक्षा समिति के सदस्य द्वारा की गयी संवीक्षा की रिपोर्ट एवं परीक्षा परिणाम के अभिलेखों का अवलोकन किया गया एवं अवलोकनोपरान्त परीक्षा परिणाम से संतुष्ट होते हुए सर्वसम्मति से परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की संस्तुति की गयी।

उक्त अनुमोदनोपरान्त दिनांक 18 / 04 / 2023 को आहूत परीक्षा परिणाम समिति की बैठक अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में परीक्षा परिणाम समिति द्वारा, परीक्षा समिति द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर विषम सेमेस्टर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम का अवलोकन किया गया एवं सर्वसम्मिति से परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

उक्त के दृष्टिगत विषम सेमेस्टर परीक्षा / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक उपलब्ध है। आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना डिस्प्ले बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप / अनु03 / 2023 / 146 **तद् दिनांकः** 18/04/2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ / प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र, को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थान प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि विषम सेमेस्टर परीक्षा / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करे।

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।